# बिहार सरकार
## शिक्षा विभाग
## आदेश

पटना, दिनांक–02.01.2026

संचिका संख्या–03/आ01–44/2025.I/343506/ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 9वीं एवं 11वीं परीक्षा सामग्री को सुरक्षित ढ़ंग से नहीं रखने, प्रश्न–पत्रों को विद्यालयों में ससमय वितरण करने हेतु कर्मियों की नियुक्ति नहीं करने, प्रश्न–पत्र का संधारण करने हेतु पूर्व निर्धारित स्थान इन्डोर स्टेडियम, महेश्वरी एकेडमी, कटिहार के स्थान पर विद्यालय परिसर के +2 भवन के परिसर में बिना आदेश के रखने के आरोपों में विभागीय संकल्प संख्या–205 दिनांक 20.03.2025 द्वारा श्री अमित कुमार, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, कटिहार सम्प्रति क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, कोशी प्रमंडल, सहरसा के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संचालित की गयी।

2. अधिरोपित आरोपों, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं आरोपित पदाधिकारी के लिखित अभ्यावेदन पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा किए गए सम्यक समीक्षा के उपरान्त श्री अमित कुमार, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, कटिहार सम्प्रति क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, कोशी प्रमंडल, सहरसा को **"भविष्य में सजग रहने की चेतावनी"** के साथ इस अनुशासनिक कार्यवाही को समाप्त किया जाता है।

3. उक्त पर सक्षम अनुशासनिक प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**ह0/–**

**(मनोरंजन कुमार)**

निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांकः–03/आ01–44/2025..I/343506....../ पटना, दिनांकः–02.01.2026

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/राज्य परियोजना निदेशक/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य टेक्सट बुक कॉरपोरेशन/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम/निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्/मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/सभी निदेशक, शिक्षा विभाग/सभी

प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/विशेष निदेशक (मा0शि0)/सभी उप निदेशक/सभी संयुक्त निदेशक/सहायक निदेशक/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/श्री अमित कुमार, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, कटिहार सम्प्रति क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, कोशी प्रमंडल, सहरसा एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
Date: 01-01-2026 18:32:16
निदेशक (प्रशासन)